अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याणर्थ प्रकोष्ठ
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः अनु.जाति/जनजाति/प्रकोष्ठ/2014/ 503 दिनांक 5/6/14

प्रति,
प्राचार्य
जीवाजी विश्वविद्यालय नोडल केन्द्र से सम्बद्ध,
समस्त अशासकीय महाविद्यालय,
जिला, ग्वालियर

विषय – केवल अनु.जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं को आवास सहायता योजना का लाभ देने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कार्यालय कलेक्टर, आदिमजाति कल्याण विभाग, ग्वालियर से प्राप्त पत्र क्रमांक आ.जा.क./योजना/2013–14/222 ग्वालियर दिनांक 7.5.2014 के द्वारा अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र–छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्रालय, भोपाल से प्राप्त आदेश क्रमांक शिक्षा/98/एफ/12/6/2013/25–2/2039 दिनांक 11.09.2013 के द्वारा केवल अनुसूचित जाति/जनजाति के ऐसे छात्र/छात्राऐं जिनका ग्वालियर नगर निगम सीमा में स्वयं का अथवा परिवार के किसी अन्य सदस्य का कोई आवास नहीं हैं तथा जो छात्रावास में न रहकर किराये के आवास में रह रहे हैं, को शासन के आदेश दिनांक से आवास सहायता राशि स्वीकृत की जानी हैं।

अतः आपके महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2013–14 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों की जानकारी निर्धारित फार्म में भरकर, शीघ्रातिशीघ्र अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर भेजना सुनिश्चित करें। निर्धारित फार्म जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की एस.सी./एस.टी. वेवसाइड से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें। छात्रों के आवेदन–पत्रों के साथ निम्नलिखित प्रपत्र संलग्न करें।

1. जाति प्रमाण पत्र
2. आय प्रमाण–पत्र(यदि माता पिता शासकीय सेवा में हो तो पे स्लिप एवं फार्म 16 की प्रति प्रस्तुत करें)
3. मध्यप्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण–पत्र
4. विगत तीन वर्षों की अंक सूची
5. संस्था नियमित प्रवेश की रसीद
6. पासपोर्ट साइज फोटो
7. आधार आधारित बैंक एकाउंट की प्रतिलिपि
8. जो मकान किराये से लिया है उस मकान मालिक द्वारा छात्र के रहने संबंधी शपथ–पत्र।
9. मकान मालिक द्वारा क्षेत्र के थाने पर किरायेदार की सूचना की प्रतिलिपि।
10. आधार कार्ड की प्रतिलिपि (पहचान पत्र)
11. संस्था प्रमुख को छात्र द्वारा जमा की गई टी.सी. की प्रतिलिपि।

कुलसचिव

प्रतिलिपि –: सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग, गोरखी, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. उप–कुलसचिव, अनु.जाति / जनजाति प्रकोष्ठ, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. विश्वविद्यालय वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

उप– कुलसचिव
अनु.जाति / जनजाति प्रकोष्ठ